यातायात नियमों का पालन करें एवं दुर्घटना से बचें।

# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
# पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, जमशेदपुर।

पत्रांक 1535 /जमशेदपुर/दिनांक 25/6/2018

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, जमशेदपुर।

सेवा में,

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
वन प्रमण्डल, जमशेदपुर।

विषय :— पथ प्रमण्डल, जमशेदपुर अंतर्गत पिपला मोड़ (एन0एच0 33) से घोड़ाबन्धा होते हुए गोविन्दपुर अन्ना चौक पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु 16.75 हे0 वनभूमि अपयोजन के संशोधित प्रस्ताव Upload करने के संबंध में।

प्रसंग :—
1. Proposal No.FP/JH/ROAD/30610/2017
2. इस कार्यालय का पत्रांक—881, दि0 03.05.2018
3. आपका पत्रांक—1635, दि0 30.05.2018 एवं पत्रांक—1887, दि0 21.06.2018

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में इस कार्यालय का पत्रांक—881, दि0 03.05.2018 के द्वारा पिपला मोड़ (एन0एच0 33) से घोड़ाबन्धा होते हुए गोविन्दपुर अन्ना चौक पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु 16.75 हे0 वन भूमि अपयोजन का प्रस्ताव समर्पित किया गया था, जिसे Proposal No.FP/JH/ROAD/30610/2017 के तहत Upload किया गया था। परंतु आपके पत्रांक—1635, दि0 30.05.2018 द्वारा चार बिन्दुओं पर त्रृटियां दर्शायी गयी थी। जिसका निराकरण निम्न प्रकार से किया जाता है —

1. अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि के मौजावार विवरणी में घोड़ाबन्धा मौजा में कुल प्रस्तावित वनभूमि का रकबा 2.27 हे0 दर्शाया गया है। उपरोक्त प्रस्तावित वनभूमि का रकबा Plot wise दशमलव के बाद के अंको तक योग करने पर 2.27 हे0 ही होता है। इसे संशोधित Annexure-5 में संलग्न किया जा रहा है।
2. अपयोजन हेतु प्रस्तावित वनभूमि मे सम्मिलित जंगल—झाड़ी वनभूमि के संबंध में उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर का पत्रांक—2626, दि0 11.11.2017 एवं पत्रांक—1454, दि0 25.06.2018 द्वारा निर्गत किया गया अनापत्ति प्रमाण पत्र Annexure-6 में संलग्न किया गया है।
3. मौजा कस्तुलिया के अपयोजन हेतु संशोधित FRA के तहत् उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र (Memo No.1182/2018, दि0 25.06.2018) Annexure-7 में संलग्न किया जा रहा है। उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर द्वारा (Memo No.1941/2017 दि0 24.10.2017) निर्गत FRA पूर्व में समर्पित एवं Upload किया जा चुका है।
4. समर्पित प्रस्ताव के वनभूमि के ROW में अवस्थित कुल वृक्षों की विवरणी Annexure-8 में संलग्न की जा रही है। इसके अतिरिक्त गैर वनभूमि (Non Forest Land) पथ के ROW में अवस्थित संलग्न वृक्षों की सूची Annexure-9 में संलग्न की जा रही है।

अतः उक्त के आलोक में संशोधित प्रस्ताव Upload करने की कृपा की जाय। संशोधित प्रस्ताव ई—मेल द्वारा भेजी जा रही है।

विश्वासभाजन

25/6/18

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमण्डल, जमशेदपुर।

25/6/18
Executive Engineer
RCD Road Division
Jamshedpur